भारत में एथलेटिक्स तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और युवाओं को खेल में शामिल करने से कई चीजों में बदलाव लाने की ताकत है जिसमें देश में खेलों का विकास भी शामिल है। – मो. फराह

महान धावक, टाटा मुंबई मैराथन के 20वें सत्र में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

ब्लिचफेल्ट

बैडमिंटन की विश्व नंबर 23 खिलाड़ी डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान दिल्ली और इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम की स्थितियों की कड़ी आलोचना की। गुरुवार को महिला एकल के दूसरे दौर में हारने वाली ब्लिचफेल्ट ने दिल्ली में स्टेडियम की स्थिति और प्रदूषण पर निराश व्यक्त की है। ब्लिचफेल्ट को लगता है कि, इसके कारण उनकी सारी तैयारी बर्बाद हो गई क्योंकि वह लगातार दूसरे साल टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गई। आखिरकार भारत में एक लंबे और तनावपूर्ण सप्ताह के बाद आखिरकार घर पहुंच गई हूं।

क्या आप जानते हैं ?... रोनाल्डो ने ऑफिशियली पेले का रिकॉर्ड तोड़ा, फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा 770 गोल दागने वाले खिलाड़ी बने।

रोहित खेलेंगे रणजी मुकाबला

मुंबई, 18 जनवरी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। इसके साथ ही रणजी ट्रॉफी में कप्तान रोहित शर्मा के खेलने का भी ऐलान हो गया है। दरअसल, रोहित शर्मा ने रणजी ट्रॉफी में खेलने के संकेत दिए हैं। उन्होंने मुंबई की रणजी स्क्वॉड के साथ प्रैक्टिस किया था। मुंबई का 23 जनवरी से जम्मू-कश्मीर से सामना होना है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रोहित शर्मा ने ये भी बताया कि वह पीछे क्यों रणजी ट्रॉफी नहीं खेल पा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित शर्मा का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। उन्होंने आखिरी टेस्ट में खुद को बाहर बैठने का भी फैसला किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रोहित शर्मा ने ये भी कहा कि, वह पीछे क्यों रणजी ट्रॉफी नहीं खेल पाए थे। रोहित ने आखिरी बार रणजी मैच नवंबर 2015 में खेला था। रोहित ने कहा कि, पिछले 6-7 सालों में अगर आप हमारे कैलेंडर को देखें तो हम क्रिकेट के दौरान 45 दिनों तक घर पर नहीं बैठे हैं। जब आईपीएल खत्म हो जाता है तो आपको समय मिल जाता है उसके बाद कुछ नहीं होता।

केएल राहुल और कोहली नहीं खेलेंगे रणजी ट्रॉफी मुकाबला

नई दिल्ली, 18 जनवरी। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले राउंड के मैच नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने बीसीसीआई मेडिकल स्टाफ को बताया है कि उन्हें तकलीफ है जिस कारण वो रणजी मैच में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। विराट कोहली को गर्दन में दर्द था और उन्होंने सिडनी में बीजीटी खत्म होने के तीन दिन बाद 8 जनवरी को इंजेक्शन लिया था। कोहली ने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ को बताया कि उन्हें अभी भी दर्द हो रहा है, जिसके कारण वह राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के मैच से बाहर हो गए हैं। केएल राहुल की बात करें तो उनके कोहनी में चोट है, जिसके कारण वह बेंगलुरु में पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के मैच से बाहर रहेंगे। गुरुवार को बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों के लिए क्या करें और क्या न करें की एक लिस्ट जारी खी थी। उसमें सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया गया था। इसमें कहा गया था कि अगर खिलाड़ी खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो उन्हें इसके लिए चेयरमैन ऑफ सेलेक्टर्स से अनुमति लेनी होगी।

राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब का दूसरा मैच गोवा की टीम डेंपो के साथ आज होगा

जयपुर, 18 जनवरी। आईपीएल की तर्ज पर पहली बार वीर भूमि राजस्थान में आयोजित होने जा रही आई-लीग फुटबाल प्रतियोगिता का धमाकेदार आगाज राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के होम ग्राउंड जयपुर में 9 जनवरी से शुरू होने चुका है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित इस लीग में जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को 3 बजे से मैच शुरू होगा। आज सेकंड मैच गोवा की टीम डेंपो के साथ होगा। वहीं खेल मामलात राज्य मंत्री केके बिश्नोई चीफ गेस्ट रहेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे बुमराह : अगरकर

मुंबई, 18 जनवरी। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए फिट नहीं हो पाएंगे जिसके कारण हर्षित राणा को उनकी जगह शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वे मुख्य तेज गेंदबाज की स्थिति पर मेडिकल टीम से अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

बुमराह को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के बाद होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में अगरकर ने कहा, "बुमराह को पांच सप्ताह के लिए आराम करने को कहा गया है जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए उपलब्ध नहीं हो पायेंगे। हम उनकी फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और हमें मेडिकल टीम से उनकी स्थिति के बारे में फरवरी की शुरुआत में पता चलेगा। पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बुमराह

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के पांचवें दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम 11 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सौंपनी होगी।

चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी। इसस पहले भारत छह, नौ और 12 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ तीन द्विपक्षीय वनडे मैच खेलेगा। पिछले साल अगस्त में श्रीलंका दौरे के बाद से भारतीय टीम की यह 50 ओवर की पहली श्रृंखला होगी।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का स्क्वॉड – रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुनदार, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा।

हर टीम के कुछ नियम होते हैं और खेलते वक्त आप नियमों को फॉलो करते हैं

बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में टीम इंडिया की हार के बाद खिलाड़ियों के लिए कुछ नए नियम बनाए। नए नियमों को 10 पॉइंट्स में बांटा गया, जिसमें घरेलू क्रिकेट खेलने से लेकर दौरे पर खिलाड़ियों का परिवार के साथ नहीं जाना शामिल था। अब इन नियमों पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने सवाल खड़े किए हैं साथ ही चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने कहा कि ये कोई स्कूल नहीं है।रोहित शर्मा से बीसीसीआई की नई पॉलिसी के बारे में सवाल पूछा गया जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि, आपको इन नियमों के बारे में किसने बताया?

हेड कोच गौतम गंभीर के साथ अनबन की खबरों पर कप्तान रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली, 18 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। जिसके बाद बीजीटी में रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज 3-1 से हार गई। वहीं इसके बाद से ही भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर के बीच अनबन की खबरे सामने आईं। मीडिया

रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि रोहित शर्मा और गौतम गंभीर में सबकुछ ठीक नहीं है, दोनों के बीच अनबन चल रही है, लेकिन इन दावों की सच्चाई कप्तान रोहित शर्मा ने सामने रख दी है। रोहित ने गौतम गंभीर के साथ अपने रिश्ते की सच्चाई बताई है।रोहित शर्मा ने कहा कि हेड कोच गौतम गंभीर उस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करते तो बतौर कप्तान आपको मैदान पर करना होता है। वह पूरी तरह आपके फैसले के साथ होते हैं, वह कप्तान के तौर पर आपके फैसले पर भरोसा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे हेड कोच गौतम गंभीर बातें तब करते हैं, जब मैं ऑफ द फील्ड होता हूं। तब हमारे हेड कोच जरूर बताते हैं कि क्या करना है? आगे की रणनीति क्या होगी। लेकिन जब कप्तान के तौर पर मैं मैदान पर होता हूं तो गंभीर हस्तक्षेप नहीं करते। हम लोग एक-दूसरे की प्रक्रिया में भरोसा करते हैं हम दोनों के रिश्ते अच्छे हैं। पिछले दिनों टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पडी। वहीं भारत ने करीब 10 साल बाद बीजीटी गंवाई। इस हार के बाद कहा गया कि टीम इंडिया के खिलाड़ियों और हेड कोच में नहीं बन रही है। साथ ही कप्तान के साथ ही कोच की अनबन है। दोनों दिग्गजों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है।

राजस्थान ने महाराष्ट्र को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

राजस्थान की जीत में आयुषी, शानू, कौशल्या, डिंपल व सिद्दी का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 18 जनवरी। त्रिवेंद्रम में खेली जा रही बीसीसीआई की वीमेन अंडर 23 टी20 ट्रॉफी में आज राजस्थान ने महाराष्ट्र को 9 विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। राजस्थान की जीत में आयुषी गर्ग का नाबाद अर्धशतक व कौशल्या चौधरी, शानू, सिद्दी शर्मा की शानदार गेंदबाजी। महाराष्ट्र पारी 109/7, टीम के लिए आयशा 29, के ऍन मुल्ला 29, ऐश्वरी सावरकर 28 रनो का योगदान दिया। राजस्थान की गेंदबाज शानू 12/3, कौशल्या चौधरी 12/2, डिंपल कँवर 8/2, सिद्दी शर्मा 15/1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य को राजस्थान टीम ने कप्तान आयुषी गर्ग की शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी की सहायता से 1 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाते हुए मैच में 9 विकेट जीत प्राप्त की। आयुषी गर्ग ने अपनी नाबाद 58 रनो की अर्धशतकैय पारी में 66 गेंदों का सामना किया जिसमे 5 चोक्के लगाए। टीम के लिए डिंपल कँवर 29 व ज्योति चौधरी नाबाद 16 रनो का योगदान दिया।

हैदराबाद तूफान ने रोका तमिलनाडु ड्रैगन्स का विजय रथ

रांची, 18 जनवरी। हैदराबाद तूफान ने हीरो हॉकी इंडिया लीग में शनिवार को तमिलनाडु ड्रैगन्स को 4-0 से हरा दिया। ड्रैगन्स की सीज़न की यह पहली हार है। गोंज़ालो पेइलाट ने 21वें और 48वें मिनट में दो गोल दागे जबकि आर्थर डी स्लोओवर ने 31वें और टिम ब्रांड ने 33वें मिनट पर अपनी टीम के लिये स्कोर किया। इस जीत के साथ हैदराबाद तूफान सात मैचों में 13 अंकों के साथ लीग स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। ड्रेगन्स 15 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। मैच की शुरुआत बराबरी से हुई, पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने कुछ मौके बनाए। ड्रेगन्स पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल करने के करीब थे, लेकिन हैदराबाद के गोलकीपर विकास दहिया ने उन्हे ऐसा करने की इजाजत नहीं दी।

इंडिया ओपन : सिंधु और किरण क्वार्टरफाइनल में हारे, सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 18 जनवरी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शुक्रवार को इंडिया ओपन सुपर 750 के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पेरिस कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से हारकर बाहर हो गईं जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर भारतीय उम्मीद कायम रखी।

2022 की चैम्पियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्यु की जोड़ी को महज 41 मिनट में 21-10, 21-17 से हरा दिया। इस जोड़ी का यह टूर पर लगातार तीसरा सेमीफाइनल है। यह जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और मलेशिया सुपर 1000 के अंतिम चार में पहुंची थी। इससे पहले पूर्व चैंपियन सिंधू ने शुरुआती एकतरफा गेम हारने के बाद जोरदार वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में लड़खड़ा गईं और 62 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 9-21, 21-19, 17-21 से पराजित हो गईं।

पुरुष एकल में भारत की एकमात्र उम्मीद किरण जॉर्ज थे लेकिन उन्हें चीन के होंग यांग वेंग से 13-21, 19-21 से हार मिली। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मैच की शुरुआत जबरदस्त रैली से की और फिर उन्होंने पूरी तरह से दबदबा बना लिया। भारतीयों ने रैलियों को छोटा रखा, लगातार हमले किए और क्रिस-क्रॉस नेट प्ले किया, जिससे ब्रेक तक 11-3 की बढ़त हो गई।

भारतीय लगातार आगे बढ़ते रहे और 18-8 की बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग ने जल्द ही दो और स्मैश के साथ 11 गेम प्वाइंट हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिन और कांग ने शुरुआत में 4-3 की मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन यह ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही। भारतीयों ने लगातार शॉट्स से स्कोर 9-4 कर दिया और फिर सात्विक के 'डाउन-द-लाइन' स्मैश के बाद ब्रेक तक पांच अंक की बढ़त बना ली। कोरियाई खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए स्कोर 13-15 किया और 37 शॉट की रैली जीतकर स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया।

हालांकि सिंधू ने ब्रेक के तुरंत बाद अंतर कम किया और अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। पर तुनजुंग 17-14 पर पहुंच गई। लेकिन सिंधू ड्रॉप और नेट शॉट से बराबरी पर पहुंच गईं। तुनजुंग ने फिर तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और सिंधू के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ मैच जीत लिया। किरण ने इससे पहले अपने प्रतिद्वंद्वी वेंग को हराया था और उन्हें इसी प्रदर्शन की उम्मीद थी। लेकिन वेंग पूरी तैयार के साथ आये थे और उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को खतरा नहीं बनने दिया। उन्होंने 7-6 की बढ़त को ब्रेक तक 11-6 कर दिया।

किरण ने इस अंतर को कम किया लेकिन वेंग ने लगातार छह अंक जुटाकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे में वेंग 6-2 से आगे हो गये और इसे 10-7 कर दिया। किरण ने वापसी कर स्कोर 11-11 से बराबर किया और वेंग की दो गलती से यह भारतीय 16-14 से बढ़त बनाने में सफल रहा। लेकिन चीनी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए इसे अपने नाम कर मैच जीत लिया।

रविचंद्रन की स्मरणीय पारी की मदद से कर्नाटक ने ठोके 348 रन

वडोदरा, 18 जनवरी। रविचंद्रन स्मरण (101) की कृष्णन श्रीजीत (78) और अभिनव मनोहर (79) के साथ एक के बाद एक शतकीय भागीदारी की मदद से कर्नाटक ने विजय हजारे ट्राफी के फाइनल मुकाबले में शनिवार को छह विकेट पर 348 रन ठोक दिये और विदर्भ को जीत के लिये प्रति ओवर लगभग सात रन बनाने की चुनौती दी। कोटाम्बी स्टेडियम पर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला विदर्भ के लिये शुरुआती ओवर में मुनासिब जान पड़ा जब कप्तान मयंक अग्रवाल (32),देवदत्त पड्डिक्कल (8) और केवी अनीस (23) के विकेट 67 रन पर उखड़ चुके थे मगर आज कर्नाटक के मध्यक्रम की बारी थी और इस कसौटी पर वे खरे भी उतरे। रविचंद्रन ने पहले श्रीजीत के साथ 160 रन की भागीदारी कर टीम को संकट से उबारा और बाद में अभिनव मनोहर के साथ मिल कर 106 रन की एक और भागीदारी कर विदर्भ के सामने मजबूत चुनौती पेश कर दी। रविचंद्रन ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 92 गेंदे खेल कर सात चौके और तीन छक्के लगाये। वह पारी के 49वें ओवर में दर्शन नालकंडे का शिकार बने। इससे पहले श्रीजीत का विकेट यश कदम ने निकाला। अभिनव ने मात्र 42 गेंदो की पारी में धुआंधार प्रदर्शन करते हुये दस चौके और चार आसमानी छक्के लगा कर वहां मौजूद दर्शकों को भरपूर मनोरंजन किया। विदर्भ की ओर से दर्शन नालकंडे और नाचिकेत भूटे को दो दो विकेट मिले वहीं यश ठाकुर और यश कदम के हिस्से में एक एक विकेट आया।

राजधानी

ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू कर रही सरकार : नरेन्द्र मोदी

आत्मनिर्भर गांवों से बनेगा आत्मनिर्भर भारत : भजनलाल शर्मा

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख संपत्ति कार्ड वितरित किए एवं लाभार्थियों से संवाद किया। प्रदेश में लगभग 1 लाख 50 हजार लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टें वितरित किए गए तथा श्रीगंगानगर जिले की लाभार्थी रचना से प्रधानमंत्री ने संवाद भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हने वाले लोगों को उनकी आवासीय संपत्तियों के कानूनी दस्तावेज उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी तथा इस योजना के तहत अब तक गांवों में लगभग 2.25 करोड़ लोगों के संपत्ति कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों ने कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से ऋण लिया है तथा अपने गांवों में छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं जिससे छोटे और मध्यम किसान परिवारों के लिए संपत्ति कार्ड आर्थिक सुरक्षा की गारंटी बन गए हैं।

साथ ही, कानूनी प्रमाण पत्र मिलने से कई परिवार अवैध कब्जों और लंबे समय तक चलने वाले अदालती विवादों के संकट से मुक्त हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ग्राम स्वराज को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये स्वामित्व कार्ड व पट्टा वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल ने संबोधित किया।

जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है और स्वामित्व योजना ने ग्राम विकास के नियोजन और क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं में गांव और गरीब को केन्द्र में रखकर आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है, क्योंकि गांवों के मजबूत व आत्मनिर्भर होने से ही देश आत्मनिर्भर एवं विकसित होगा।

शर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्राम सुशासन और सशक्तीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों को उनके अधिकार प्रदान करने की दिशा में यह दूरदर्शी कदम है, जिससे गांवों का समग्र विकास एवं ग्रामीण परिवारों का सशक्तीकरण सुनिश्चित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना पूरी तरह से वैज्ञानिक और पारदर्शी प्रक्रिया है, जो ग्रामीणों के लिए उनके संपत्ति के अधिकारों को सुनिश्चित करती है। इस योजना में ड्रोन तकनीक

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए**
- **प्रदेश में लगभग 1 लाख 50 हजार लाभार्थियों को मिले स्वामित्व कार्ड एवं पट्टे**

से गांव के आबादी क्षेत्र का सर्वेक्षण किया जाता है और डिजिटल मैप के आधार पर भू-स्वामित्व धारकों को स्वामित्व कार्ड और पट्टा दिया जाता है। इन संपत्ति कार्डों ने ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान कर उनके लिए ऋण लेना आसान बना दिया है, जिससे ग्रामीण नागरिक सशक्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत 35 हजार 955 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है तथा आज 1 लाख 50 हजार से अधिक कार्ड का वितरण किया जा रहा है।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि इन परिवारों को अपना घर मिल सके।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम पहुंचकर भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी की विधिवत पूजा-अर्चना की और राजस्थान सहित समस्त देशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल के मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

'वसुधैव कुटुंबकम' विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान : खत्री

जयपुर। पूरी दुनिया विभिन्न समस्याओं से त्रस्त है। भारत का विचार 'वसुधैव कुटुंबकम' विश्व की इन समस्त समस्याओं का समाधान है। यह बात प्रखर वक्ता एवं आरएचआरडी संरक्षण जसवंत खत्री ने कही। जसवंत खत्री शनिवार को प्रदीप गोपाल स्मृति न्यास सांगानेर, ए.यू बैंक एवं पूर्णिमा ग्रुरप के संयुक्त तत्वावधान में सीतापुरा स्थित पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलॉजी मे चल रहे दो दिवसीय 'द ढूंढाड टॉक्स-2025' कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

मुख्य वक्ता खत्री ने कहा कि दुनिया के दो सौ देशों में घूमकर आने वाले को 'उसे बचाओ-बचाओ' जैसे आवाजें निश्चित सुनाई देगी। इन समस्त समस्याओं का समाधान दुनिया के अन्य देशों के पास नहीं है। यह केवल भारत के पास है।